

## लिएंडर पेस की रेकॉर्ड 44वीं जीत, भारत ने पाकिस्तान को किया चारों खाने चित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नूर सुल्तान। अनुभवी टेनिस स्टार लिएंडर पेस ने अपना डेविस कप रेकॉर्ड बेहतर करते हुए जीवन नेदुंचेझियान के साथ अपना 44वां युगल मैच जीता जबकि भारत ने पाकिस्तान को 4–0 से हराकर 2020 क्वॉलिफायर में जगह बना ली। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब और हुफैजा अब्दुल रहमान की जोड़ी पेस और जीवन के आगे टिक नहीं सकी। उन्होंने सिर्फ 53 मिनट में 6–1, 6–3 से जीत दर्ज की।

पिछले साल अपना 43वां युगल मैच जीतकर डेविस कप के इतिहास में सफलतम खिलाड़ी बने पेस ने इटली के निकोला पी को पछाड़ा था। पेस ने 56वें मुकाबले में 43वीं जीत दर्ज की थी, जबकि निकोला ने 66 में से 42 मैच जीते। पेस ने कहा, 'जीवन के पहले डेविस कप मैच में उसके साथ खेलना शानदार था। शुरू से उसने उम्दा प्रदर्शन किया। देश के लिए खेलने में वह फख्र महसूस करता है।' उन्होंने कहा, 'ये लड़के मुझे युवा, तरोताजा और उत्साहित बनाए रखते हैं। मैं उनके साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाता हूं।' पेस का 44 जीत का रेकॉर्ड जल्दी टूट पाना संभव नहीं, क्योंकि उनके अलावा कोई मौजूदा युगल खिलाड़ी शीर्ष 10 में नहीं है।

### अब क्रोएशिया से मुकाबला

अब क्वॉलिफायर्स में भारत का सामना क्रोएशिया से होगा और यह मुकाबला 6–7 मार्च को खेला जाएगा। डेविस कप फाइनल्स में 12 क्वॉलिफाइंग स्थानों के लिए 24 टीमें आपस में भिड़ेंगी। हारने वाली 12 टीमें सितंबर 2020 में विश्व ग्रुप वन खेलेंगी। विजेता टीमें फाइनल्स में खेलेंगी जिसके लिए कनाडा, ब्रिटेन, रूस, स्पेन, फ्रांस और सर्बिया पहले ही क्वॉलिफाइ कर चुके हैं।

# फैन्स बोले– तुम नफरत के काबिल हो कैप्टन पेन

**क्रिकेट**

## ब्रायन लारा का रेकॉर्ड तोड़ने से चूके डेविड वॉर्नर

वॉर्नर 335 रन पर खेल रहे थे तो पेन ने पारी घोषित कर दी और वॉर्नर मौका चूक गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन उस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रोल होने लगे, जब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी 3 विकेट पर 589 रन पर घोषित कर दी। दरअसल, पेन ने जब पारी घोषित की तब डेविड वॉर्नर 335 रनों पर नाबाद थे और टीम का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 589 रन था। डेविड वॉर्नर जबरदस्त तरीके से खेल रहे थे और उनके पास ब्रायन लारा का सर्वाधित रनों का रेकॉर्ड तोड़ने का मौका था। वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा के नाम टेस्ट मैच की एक पारी में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वाधित 400 रनों का रेकॉर्ड दर्ज है। पेन के इस फैसले पर ट्विटर पर काफी आलोचना हो रही है। कुछ फैन ने तो टिप पेन को नफरत के काबिल बताया है। एक फैन ने लिखा– पेन मुझे तुमसे नफरत है। मैं वॉर्नर को लारा का रेकॉर्ड तोड़ते देखना चाहता था, लेकिन तुमने ऐसा नहीं होने दिया। लारा का रेकॉर्ड अब भी बरकरार है। पेन तुम बेवकूफ हो। एक यूजर ने लिखा, 'टिम पेन भाई मैं इस बात का कोई कारण नहीं ढूंढ पा रहा हूं कि आपने क्यों डेविड वॉर्नर को 400 रन बनाने से दूर कर दिया। सिर्फ 127 ओवर हुए थे और साढ़े तीन दिन का खेल बचा था। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सीरीज में बढ़त लिए हुए हैं। अगर पाकिस्तान 350 भी बना लेती तो आपको दोबारा बल्लेबाजी का मौका मिलता। भाई आपके बिना ऑस्ट्रेलिया ने किया खोया है।' एक और यूजर ने पेन के इस फैसले को दुखद बताया है, 'टिम पेन ने एक खिलाड़ी के जीवन में आने वाले एक मात्र और सबसे बड़े मौके को छीन लिया। अगर डेविड वॉर्नर विकेट पर 10–11 ओवर और रहते तो वह आसानी से ब्रायन लारा के रेकॉर्ड तो तोड़ देते।'

एक अन्य यूजर ने लिखा, 'यह ऑस्ट्रेलिया के लिए आसान जीत होने वाली है... निश्चित टिम पेन किसी चीज को लेकर ईर्ष्या कर रहे होंगे। वह जानते थे कि अगर वह पारी को आगे बढ़ाते हैं तो वॉर्नर 370–380 तक पहुंच जाएंगे और फिर इसके बाद पारी घोषित करना ठीक नहीं होगा।' एक और प्रशंसक ने लिखा कि पेन को ड्रिंक्स ब्रेक में वॉर्नर को बता देना चाहिए था कि वह अपने 400 रन पूरे कर लें। उन्होंने लिखा, 'टिम पेन को 10 ओवर और इंतजार करना चाहिए था। उन्हें ड्रिंक्स ब्रेक में वॉर्नर को संदेश भेज देना चाहिए था कि वह जल्दी अपने 400 पूरे कर लें।'

## बीसीसीआई एजीएम में लोढ़ा सुधारों में ढिलाई, सीएसी की नियुक्ति होंगे मुख्य मुद्दे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मुंबई। पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली की अध्यक्षता में बीसीसीआई रविवार को जब यहां अपनी पहली वार्षिक आम बैठक का आयोजन करेगा तो इसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकृत कुछ सुधारवादी कदमों में ढिलाई बरतने, क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) जैसी क्रिकेट समितियों का गठन और आईसीसी में बोर्ड का प्रतिनिधि नियुक्त करने पर चर्चा होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने 33 महीने तक बीसीसीआई का संचालन किया जिसके बाद पिछले महीने गांगुली की अगुआई में नए पदाधिकारियों ने प्रभार संभाला। बोर्ड अगर लोढ़ा समिति के सुधारवादी कदमों में ढिलाई देता है तो गांगुली का 9 महीने का मौजूदा कार्यकाल बढ़ सकता है। लोढा समिति के सुधारवादी कदमों को सुप्रीम कोर्ट से स्वीकृति मिली हुई है। एजीएम के लिए जारी अजेंडा में बीसीसीआई के मौजूदा संविधान में अहम बदलाव का प्रस्ताव रखा गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकृत मौजूद संविधान के अनुसार अगर कोई पदाधिकारी बीसीसीआई या राज्य संघ में तीन साल के दो कार्यकाल पूरा कर लेता है तो उसे तीन साल का अनिवार्य ब्रेक लेना होगा। मौजूदा पदाधिकारी चाहते हैं कि यह अनिवार्य ब्रेक बोर्ड और राज्य संघ में दो कार्यकाल अलग अलग पूरे करने पर हो। अगर यह प्रस्ताव तीन–चौथाई बहुमत से पारित होता है तो गांगुली और सचिव जय शाह का कार्यकाल बढ़ जाएगा। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बताया कि सभी प्रस्तावित संशोधनों का लक्ष्य बोर्ड के ढांचे को मजबूत करना है और सुप्रीम कोर्ट से स्वीकृति मिलने पर ही इसे लागू किया जाएगा।

हालांकि अब प्रस्ताव दिया गया है भविष्य में एजीएम में तीन–चौथाई बहुमत ही संविधान में किसी संशोधन को स्वीकृत देने के लिए पर्याप्त होगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति लेना व्यवहारिक नहीं होगा जो मौजूदा संविधान के अनुसार जरूरी है।

## स्टीव स्मिथ ने सबसे तेज 7000 टेस्ट रन पूरे किए, तोड़ा 73 साल पुराना रेकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ यहां सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक उपलब्धि अपने नाम कर ली। 30 साल के स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 7000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। स्मिथ ने अपने 70वें टेस्ट मैच की 126वीं पारी में तेज गेंदबाज मोहम्मद मूसा की गेंद पर एक रन लेकर वॉली हेमंड का 73 साल पुराना रेकॉर्ड तोड़ा। इंग्लैंड के इस पूर्व बल्लेबाज ने भारत के खिलाफ ओवल में साल 1946 में यह कीर्तिमान हासिल किया था। हेमंड ने 131 टेस्ट पारियों में 7000 रन पूरे किए थे। भारत के धुरंधर ओपनर वीरेंदर सहवाग इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। सहवाग ने 79 मैच और 134 पारियों में 7000 रन पूरे किए थे। गैरी सोबर्स, कुमार संगाकारा और टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने 138 पारियों में टेस्ट क्रिकेट में 7000 रन का आंकड़ा छुआ था। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली ने यह मुकाम पिछले महीने ही हासिल किया था लेकिन उन्होंने इसके लिए 138 पारियां खेलीं। विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में खेले गए टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## न्यूज डायरी



### धोनी के भविष्य पर फैसला करने के लिए पर्याप्त समय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य पर फैसला करने के लिए अभी पर्याप्त समय है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा कि धोनी के भविष्य पर कुछ महीनों में चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। भारत के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि आईपीएल 2020 से धोनी के भविष्य को लेकर स्पष्ट तस्वीर का पता चल जाएगा। इस बारे में जब गांगुली से पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम देखेंगे कि क्या होता है। सभी कुछ स्पष्ट है लेकिन कुछ बातों पर सार्वजनिक तौर पर चर्चा नहीं की जा सकती। अभी पर्याप्त समय है। निश्चित तौर पर (कुछ महीनों में) तस्वीर साफ हो जाएगी।' धोनी भारत की विश्व कप सेमीफाइनल में हार के बाद किसी मैच में नहीं खेले हैं।

### सैयद मोदी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हारी रितुपर्णा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन रितुपर्णा दास कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शनिवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में थाईलैंड की फितायापोर्न चाइवान के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। तेइस साल की रितुपर्णा को 39 मिनट चले महिला एकल सेमीफाइनल में चाइवान के खिलाफ 22–24 15–21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी रितुपर्णा की चाइवान के खिलाफ दो मैचों में यह दूसरी हार है। इससे पहले पिछले साल वियतनाम ओपन में भी रितुपर्णा को थाईलैंड की इस खिलाड़ी ने हराया था। रितुपर्णा ने मैच में धीमी शुरुआत की। वह एक समय 1–6 से पिछड़ रही थी लेकिन इसके बावजूद 14–11 की बढ़त बनाने में सफल रही। चाइवान ने इसके बाद 15–14 की बढ़त बनाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच इसके बाद प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन थाईलैंड की खिलाड़ी पहला गेम 24–22 से जीतने में सफल रही।

### दक्षिण एशियाई खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे तूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गोला फेंक के स्टार खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर नेपाल की राजधानी काठमांडू में रविवार को होने वाले दक्षिण एशियाई खेलों (सैग) के उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। पच्चीस साल के तूर एशियाई खेलों के गत चैंपियन हैं। भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने तूर को भेजे पत्र में कहा, ''आईओए आपको, तेजिंदर पाल सिंह तूर को, नेपाल के पोखरा और काठमांडू में होने वाले 13वें दक्षिण एशियाई खेल 2019 के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाकर सम्मानित महसूस कर रहा है। '' इन खेलो का आयोजन काठमांडू और पोखरा में एक से 10 दिसंबर तक किया जाएगा।

### फिंच को सिर में चोट, विक्टोरिया ने स्थानापन्न खिलाड़ी को शामिल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच को शनिवार को शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान सिर में चोट लगी और उनके मस्तिष्क में आघात (कन्कशन) के लक्षण दिखाई दिये जिससे उनकी जगह ट्रेविस डीन को स्थानापन्न के तौर पर शामिल किया गया । विक्टोरिया के लिये खेलने वाले फिंच बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। फिंच उस समय शार्ट लेग पर फील्डिंग कर रहे थे जब न्यू साउथ वेल्स के स्टीव ओकीफे ने जेम्स पेटिंसन की गेंद पर शाट खेला । क्रिकेट विक्टोरिया ने एक बयान में कहा ,'' उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और वह फील्डिंग करते रहे। बाद में कन्कशन के लक्षण दिखाई देने लगे।'' पांच साल पहले आस्ट्रेलिया के फिल ह्यूज को सिडनी क्रिकेट मैदान पर शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान गेंद लगी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी।